
मेहनती टोनी



एलन आर्किने

चित्र : जेम्स स्टीवेन्सन

शहर से बाहर वाले घर को ठीक करने की जरूरत है. बाप हथौड़े मार रहा है, माँ सिलाई कर रही है; मैथ्यू पेंटिंग कर रहा है, और एडम लकड़ी काट रहा है. लेकिन टोनी कुछ नहीं कर रहा है - वे उसे मदद करने ही नहीं देते. "तुम अभी बहुत छोटे हो," वे सभी कहते. . . कम-से-कम वे ऐसा सोचते हैं.

फिर टोनी जंगल में टहलने जाता है और फैसला करता है कि वो सिर्फ अपने लिए काम करेगा. और ठीक वही करता है— मिट्टी और पानी, पत्ते और घास, पेड़ और कंकड़ और पत्थरों के साथ टोनी पूरे दिन काम करता है. और वो जो करता है वो शायद पाठकों को उतना ही प्रसन्न करेगा जितना कि उसने उसके परिवार को उत्साहित किया!

मेहनती

टोनी









टोनी के माता-पिता ने शहर से दूर एक घर खरीदा. वो एक छोटा सा घर था पर काफी टूटा-फूटा था, लेकिन टोनी के पिता को वो पसंद आया क्योंकि वहां आसपास हरी घास, मीठा पानी और साफ़ हवा थी जिसमें आप दिन भर अच्छी सांस ले सकते थे.




"ज़रा हवा की गंध सूंघो!' टोनी के पिता कहते, और फिर हर कोई अपना काम छोड़कर ज़ोर-ज़ोर से सांस लेता था.

उस घर में अभी बहुत काम बाकी था. पेंटिंग और सफाई का काम, पर्दे लटकाना, मकड़ी के जाले साफ करना, हथौड़े से कीलें ठोकना और ऐसी अन्य कई चीजें.

"मुझे भी मदद करने दो," टोनी ने अपने पिता से कहा, "मुझे हथौड़ा चलाने दो."

"नहीं, तुम अभी बहुत छोटे हो," टोनी के पिता जवाब दिया. "तुम खुद को हथौड़े से चोट मार लोगे, और फिर तुम रोओगे. फिर हम सभी को अपना काम बंद करके थोड़ी देर के लिए तुम्हें संभालना होगा. इसलिए तुम्हारे लिए यहाँ काम करना अच्छा नहीं होगा."



"मुझे मदद करने दो!" टोनी ने अपनी माँ से कहा, जो परदे सिल रही थीं.

"अभी नहीं," टोनी की माँ ने कहा, "क्योंकि मैं अपनी सुई से छोटे-छोटे टाँके लगा रही हूँ, और तुम्हारे हाथ इतना बारीक काम नहीं कर पाएंगे. और अगर सुई चुभ गई तो तुम्हारे हाथ से थोड़ा खून निकलेगा. तुम खून से डरते हो, और फिर तुम रोओगे. फिर हम सब को काम करना बंद करके तुम्हें चुपाना होगा और तुम्हें बहलाने के लिए गीत गाने होंगे, इसलिए यह एक अच्छा आईडिया नहीं है."





"मुझे मदद करने दो," टोनी ने अपने बड़े भाई मैथ्यू से कहा, जो अपने कमरे को एक बड़े ब्रश से पेन्ट कर रहा था.

"नहीं," मैथ्यू ने कहा, "तुम्हें पेंट करना नहीं आता है. तुम पेन्ट को फर्श पर गिरा दोगे और फिर मुझे गुस्सा आएगा और मैं तुम पर चिल्लाऊंगा. फिर तुम रोओगे और दौड़े-दौड़े माँ के पास जाओगे और फिर माँ तुमसे पूछेगी कि क्या हुआ? तुम शिकायत करोगे कि मैथ्यू बहुत मतलबी है. माँ वो बात डैडी को बताएंगी, और फिर डैडी मुझ पर चिल्लायेंगे. इसलिए तुम्हारा यहाँ काम करना ठीक नहीं होगा."

"मुझे मदद करने दो," टोनी ने अपने दूसरे बड़े भाई एडम से कहा. एडम लकड़ी काट रहा था.

"नहीं," एडम ने कहा, "यह कुल्हाड़ी बहुत भारी है और तुम इसे बहुत ऊंचा नहीं उठा पाओगे, और फिर वो तेजी से जाकर तुम्हारे पैर पर गिरेगी, और फिर तुम चिल्लाओगे और दस मिनट तक इधर-उधर कूदोगे. इसलिए यह काम तुम्हारे बस का नहीं है."

"फिर मेरे करने के लिए कौन सा अच्छा काम होगा?" टोनी ने अपने भाई से पूछा.

एडम ने कहा, "तुम्हारे लिए एक ही अच्छा काम है. तुम किसी ऐसी जगह पर जाकर खेलो जहां किसी को तुम से कोई परेशानी न हो."





ठीक है," टोनी ने कहा, और फिर वो पैदल चलता हुआ एक बड़ी पहाड़ी पर चढ़ा. "मैं यहाँ पर अपना खुद का घर बनाऊंगा," उसने कहा.




फिर टोनी ने जमीन में एक बड़ा गड्ढा खोदा. उसने उस गड्ढे को कंकड़ों और पत्थरों से भरा, और बड़ी मेहनत से उसे चिकना किया. फिर वो बिलकुल सपाट हो गया. "वो मेरा फर्श होगा," टोनी ने कहा.



उसके बाद टोनी ने एक नुकीले पत्थर और लकड़ी के डंडे से एक कुल्हाड़ी बनाई.

"मैं अपने घर की दीवारों के लिए कुछ पेड़ काटूंगा," उसने कहा.

फिर उसने सौ पेड़ों को काटा, और टहनियों को अच्छी तरह तराशा जिससे वे लट्ठे बन गए. फिर उसने सिरों को काटकर सपाट किया, ताकि वे एक-दूसरे के साथ फिट हो जाएं. उसने लट्ठों को पत्थर के फर्श पर लुढ़काया. फिर उसने अपने घर की दीवारें बनाने के लिए एक लट्ठे को दूसरे के ऊपर फिट किया.





लेकिन जल्द ही दीवारे इतनी ऊंची हो गई कि वो उनके ऊपर तक नहीं पहुंच सकता था, इसलिए वो सीढ़ी लेने के लिए घर गया.




"अब मैं दीवार का ऊपर पहुंच पाऊंगा," उसने कहा.

टोनी ने अपने घर की दीवारों को ख़त्म किया और फिर छत बनाने के लिए उसने सौ और पेड़ काटे.



उसने घर की दीवारों पर एक पेड़ के लट्ठे को दूसरे की ठीक बगल में रखा. फिर छत बनाने के बाद वो जंगल में कुछ बेलें लेने को गया.





उसने बेलों के पत्ते खींचकर तोड़ दिए. फिर उसे एक लंबी रस्सी मिली जिससे उसने छत के सभी लट्ठों को एक साथ बांधा.



फिर उसने गीली मिट्टी को पूरी छत पर पोत दिया ताकि घर के अंदर बारिश का पानी न आए.



फिर उसने कुल्हाड़ी से दीवारों में बड़े-बड़े चौकोर छेद काटे.


"वे मेरी खिड़कियां होंगी," टोनी ने कहा.

खिड़कियों का काम ख़त्म करके टोनी दोपहर के भोजन के लिए घर गया. इतनी मेहनत के काम के बाद उसे बहुत ज़ोर की भूख लगी थी. इसलिए उसने पांच सैंडविच खाए और सात गिलास दूध पिया.


"तुम पूरी सुबह क्या कर रहे हो?" टोनी के पिता ने पूछा.

"मैं पहाड़ी के ऊपर एक खेल, खेल रहा था," टोनी ने कहा. फिर वो काम पर वापस चला गया.





उसने एक हजार पत्थर लिए और उन्हें घर के अंदर एक-दूसरे के ऊपर टिकाया, और जब वो छत तक पहुंचा तब उसने उसमें एक छेद काट दिया ताकि वो चिमनी को बाहर निकाल सके.



"यह मेरी चिमनी होगी," टोनी ने कहा. फिर उसने सभी पत्थरों के बीच मिट्टी भरी ताकि चिमनी हमेशा मज़बूत बनी रहे.





उसे घास के मैदान में उगने वाली कुछ लंबी घास मिली. उससे उसने अपने घर के लिए एक बड़ा गलीचा बुना, ताकि जब वो अपने जूते उतारे तो उसके पैरों को ठंड न लगे.



फिर उसने एक झपकी ली क्योंकि वो दिन भर की मेहनत से थककर चूर हो गया था.



जब वो नींद से उठा तो पूरा परिवार उसके सामने खड़ा था.

"हमने तुम्हें हर जगह ढूंढा," उसकी माँ ने कहा.

"मैं सो रहा था," टोनी ने कहा.




"यह सुंदर घर किसने बनाया?" टोनी के पिता से पूछा.

"मैंने बनाया," टोनी ने कहा, "और वो बहुत कठिन काम था. उसमें मुझे पूरा दिन लगा."

"यह रहने के लिए एक अच्छी जगह लगती है," एडम ने कहा.

"क्या हम तुम्हारे साथ इस घर में रह सकते हैं?" मैथ्यू ने पूछा.

"ज़रूर," टोनी ने जवाब दिया.



फिर परिवार ने सभी बिस्तरों और बर्तनों को टोनी के बनाए घर में शिफ्ट किया. और वे वहाँ इतने खुश थे कि वे उन्होंने हमेशा के लिए वहां पर रहने का फैसला किया. फिर घर में जब कभी कोई काम होता तो वे टोनी से पूछते, "क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद कर सकता हूँ?"

और टोनी हमेशा कहता, "हाँ."

समाप्त